## महत्वपूर्ण एवं खास

### पिता के साथ अस्पताल आया बालक हुआ लापता




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया अस्परताल से अपने पिता के साथ अपनी मां का ईलाज कराने के.जी.एच. आया बालक (12 साल) दिनांक 03.10.19 के शाम करीब 05:00 बजे पानी बाटल लेने अस्पताल से बाहर दुकान आया था जो कहीं चला गया है। बालक के पिता ने मार्केट में तथा अपने रिस्तेदारों के पास पता किये किन्तु बालक का पता नहीं चला जिस पर आज दिनांक 07.10.19 को थाना कोतवाली में बालक के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर अप.क्र. 870/19 धारा 363 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### फूड एंड सेफ्टी लायसेंस के लिए कैंप लगायेगा चेंबर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में शीघ्र ही फूड एंड सेफ्टी लायसेंस के लिए कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिसके लिए विभाग द्वारा चेंबर को आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों की एक सूची सौंपी गई है जिसके अनुसार खाद्य पदार्थ विक्रेता, निर्माता और पैकेजिंग करने वाले जिन व्यापारी बंधुओं का टर्नओवर 12 लाख से कम है। उन्हें अपना आवेदन फार्म तथा 100 प्रतिवर्ष अधिकतम 5 वर्ष का चालान हटाकर अपने बिजली बिल वोटर आईडी ड्राइविंग लाइसेंस राशन कार्ड दुकानदार के दो प्रतियों में फोटो,कारोबार की सूची जैसे विक्रय करते हैं या निर्माण करते हैं दुकान होने का सबूत और एक ईमेल आईडी चेंबर के दफ्तर तक पहुंचानी है। ठीक उसी तरह जिन व्यापारी भाइयों का टर्नओवर 12 लाख से ऊपर है उन्हें इन सभी दस्तावेजों के अलावा विक्रय स्थल का फोटो तथा फूड सेफ्टी मैनेजमेंट का फॉर्म भरकर देना है तथा शुल्क के रूप में व्यापारी होने की दशा में 2000 निर्माता होने की दशा में 3000 और पैकेजिंग करने वाले प्रतिष्ठानों को 5000 की धनराशि का चालान पटाना है। चालान का हेड जीरो 210 मेडिकल एंड हेल्थ सर्विसेज,04 पब्लिक हेल्थ, 104 शुल्क एवं शास्ति तथा 0754 अन्य प्राप्ति शुल्क एवं शास्ति है। अधिक जानकारी एवं फार्म के लिए चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल सीमेंट दुकान कबीर चौक सचिव हीरा मोटवानी श्याम टाकीज रोड, प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल छत्तीसगढ़ एग्रोवेट दवा दुकान ट्रैफिक थाना के पास,अनिल गर्ग गर्ग हार्डवेयर अग्रसेन चौक से प्राप्त की जा सकती है कृपया फार्म को सही-सही एवं स्पष्ट अक्षरों में भरकर लाए। चालान जमा करने में कोई परेशानी हो तो चेंबर पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स विगत दिनों नापतोल विभाग के सहयोग से नापतोल उपकरणों के सत्यापन का शिविर लगाया था जिसमें लगभग 450 व्यापारी बंधु लाभान्वित हुए थे।

### मंदिरों में चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 महिलाएं गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** नवरात्रि पर्व के दौरान चंडी मंदिर व पंचमुखी हनुमान मंदिर दुर्ग में महिलाओं के पहने हुए सोने की चैन व मंगलसूत्र चुराने वाली महिला गैंग की चार सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। चारों महिलाएं कलमना नागपुर(महाराष्ट्र) की निवासी है। गिरोह के पुरुष सदस्यों की पुलिस तलाश कर रही है। दुर्ग सीएसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रखर पांडेय द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान शांति सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं अपराधिक तत्वों के धर-पकड़ हेतु निर्देश जारी किए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(शहर) दुर्ग रोहित झा के मार्गदर्शन में लगातार पैदल यात्रियों की सुरक्षा एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं मंदिरों में दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त व्यवस्था लगाई गई थी। 3 अक्टूबर को प्रार्थिया सावित्री नामदेव 70 वर्ष चंडी मंदिर वार्ड निवासी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रात्रि 10 बजे मंदिर दर्शन के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके गले में पहने सोने का ढाई तोले का हार चोरी कर लिया गया है।

### जेवरा सिरसा शराब भट्टी लूट के मामले का खुलासा, अंतर्राज्यीय डकैत गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** जेवरा-सिरसा शराब भट्ठी में हुई डेढ़ लाख की लूट के मामले में आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। अंतर्राज्यीय डकैत गिरोह से जुड़े आरोपी को गिरफ्तार कर उनसे घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, मोबाईल लूट की रकम एवं देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गत 26 सितम्बर को जेवरा सिरसा शराब भट्ठी के सुपरवाईजर उमेश वर्मा रात्रि करीब 10 बजे शराब भट्ठी की बिक्री रकम 1 लाख 50 हजार रूपए को काला रंग के बैग में भरकर मोटर सायकल से अपने घर कृष्णा नगर सुपेला नहर नाली रोड तरफ से जा रहा था। कुटेला भांठा नहर पुलिया के पास एक मोटर सायकल ने 3 अज्ञात व्यक्ति सुपरवाईजर का रास्ता रोककर गाड़ी की चाबी खीचकर मोबाईल एवं रूपए से भरा बैग लूट कर उन्हें गोली मारकर भाग गए थे। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलगांव थाना में अपराध दर्ज किया गया था।

### मुख्यमंत्री आज पिथौरा और रायपुर के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 8 अक्टूबर को जगदलपुर से सवेरे 10:30 बजे रवाना होकर 11:20 बजे महासमुंद जिले के विकासखंड मुख्यालय पिथौरा पहुंचेंगे और वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे । बघेल दोपहर 12:30 बजे रायपुर पुलिस ग्राउंड लौटेंगे और रक्षित केंद्र रायपुर और थाना परिसर आमानाका में आवास एवं नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो परिवारों के बीच मारपीट

**दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में बलवा का अपराध दर्ज**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रात्रि जयराम कालोनी, गुजरातीपारा में नवरात्रि पर्व पर गरबा कार्यक्रम किया जा रहा था। इसी दरम्यान देर रात्रि करीब 01:30 बजे पुरानी रंजिश विवाद को लेकर कुलदीप नरसिंग एवं अंकुर गोरख के परिवार के बीच मामूली बात को लेकर झगड़ा शुरू हुआ फिर दोनों परिवारों के लोग एक-दूसरे को गाली गलौज कर रॉड, डंडा से मारपीट किये। एक पक्ष की ओर से कुलदीप नरसिंग 34 साल तथा दूसरे पक्ष की अंकुर गोरख 25 साल दोनों निवासी गुजरातीपारा कोतवाली द्वारा थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया, कुलदीप के रिपोर्ट पर अंकुर के परिवार के अंकुर गोरख, रिंकी, बाला की पत्नि एवं अन्य, राजा गोरख, पिंकी, अंकित गोरख, पुजा गोरख्, राजा गोरख की पत्नि, बडा बाबू की मां, हर्ष छणीमणी, पायल गोरख्, बाला गोरख के विरूद्ध तथा अंकुर गोरख की रिपोर्ट पर कुलदीप नरसिंग, आनंद नरसिंग, अंकिता नसिंग, गोविंदा सेट्टी, आशीष्, आनंद नरसिंग की पत्नि, अखीलेश्, अखीलेश् नरसिंग की पत्नि, अक्षय नरसिंग, चाहत टाक, उमा नरसिंग कुलदीप की मां, राज नरसिंग के विरूद्ध धारा 147, 148, 149, 294, 323, 506 आईपीसी के तहत अप.क्र. 868, 869/19 दर्ज किया गया है।

## सट्टा खाईवाल सुरेश शर्मा सरिया पुलिस की गिरफ्त में

**» सट्टा रेड में करीब 8 लाख रूपये के सट्टा-पट्टी तथा नगदी 1 लाख 10 हजार रूपये की जप्ती**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक आशीष वासनिक के नेतृत्व में सरिया थाना क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय पुलिसिया कार्यवाही की जा रही है। अवैध शराब, गांजा, प्रतिबंधित सिरप, जुआ-सट्टा, कबाड की कार्यवाही के बीच आज दिनांक 07.10.19 को थाना प्रभारी वासनिक एवं उनके मातहत स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर सुरेश शर्मा पिता रामप्रसाद शर्मा उम्र 46 वर्ष निवासी सरिया के गुंजन फैंसी स्टोर गांधी चौक सरिया में दबिश दिया गया। रेड कार्यवाही में आरोपी के कब्जे से करीब 8 लाख रूपये के सट्टा पट्टी एवं 1,10,000 रूपये नगद बरामद किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में अपराध क्रमांक 146/19 धारा 4(क) जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है साथ ही आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मिक धारा 151 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की गई है। सरिया पुलिस द्वारा आरोपी सुरेश शर्मा के विरूद्ध पूर्व में 02 बार सट्टा एवं 02 बार 110 सीआरपीसी की कार्यवाही की जा चुकी है।

## पांच दिवसीय योग शिविर आयोजित



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** संचालक आयुष डॉ जी.एस.वदेशा के निर्देशन एवं कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में बोईरदादर स्टेडियम रायगढ़ में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन 2 से 6 अक्टूबर तक प्रातः 6 से 8 बजे तक किया गया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. जी.एस.पटेल के मार्गदर्शन में पार्षद शाखा यादव, पार्षद दीपक एक्का के अतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें स्थानीय लोगों ने योग शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर भूतपूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ अश्विनी शर्मा, श्रवण केजरीवाल, पवन अग्रवाल एवं स्थानीय उपस्थित थे। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ नीरज कुमार मिश्रा एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

## मानसिक रूप से कमजोर महिला को कोसीर पुलिस ने उसके परिजनों को सौंपा

**» 3 माह से घर से लापता थी महिला, थाना नवागढ़ में दर्ज है गुम इंसान**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** दो दिन पूर्व डॉयल 112 कोसीर राइनो को एक विक्षिप्त महिला बेहोशी की हालत में मिली, जिसे लेकर थाना आये। महिला मानसिक रूप से कमजोर है जिसने काफी मात्रा में गुडाखू निगल लेने से बेहोश हो गई थी जिसका उचित उपचार कराकर महिला का सी.एच.सी. सारंगढ़ से मुलाहिजा कराया गया। महिला से काफी पूछताछ करने के बाद उसने नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा की रहने वाली बतायी। जिसके बाद थाने के स्टाफ द्वारा नवागढ़ थाने में महिला के संबंध में जानकारी लिया गया जिसमें उक्त महिला की 03 माह पूर्व गुम इंसान दर्ज होना बताया गया। थाना नवागढ़ से महिला के वारिशानों की जानकारी लेकर थाना कोसीर से आरक्षक सुरेश कुमार बर्मन, लक्ष्मी चन्द्रा एवं महिला आरक्षक प्रमिला भगत महिला के गृह ग्राम रोगदा थाना नवागढ रात में ही रवाना हुये, रात्रि गुम महिला के घर पहुंचकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। महिला के परिजनों ने उसका नाम गणेशी सूर्यवंशी पिता फेकुराम उम्र 35 वर्ष साकिन रोगदा बताये। परिजनों ने बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद गणेशी के पति का निधन हो जाने से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है और घर से भाग जाती है। महिला के परिजनों से चर्चा में कोसीर स्टाफ को ऐसा अभास हुआ कि परिजन भी गुम महिला की खोजबिन में चिंतित नहीं थे। ऐसे में कोसीर स्टाफ द्वारा महिला के परिजनों को उसका उचित ईलाज के लिये समझाई दिया गया।

## मुख्यमंत्री सुपोषण योजना बच्चों एवं महिलाओं के पोषण की दिशा में कारगर एवं लाभकारी





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री सुपोषण योजना महिलाओं एवं नन्हें बच्चों के पोषण के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। जिसकी एक बानगी रायगढ़ जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर में देखने को मिली, जहां नन्हें बच्चों की मुस्कान ने सबको मुग्ध कर दिया।

आंगनबाड़ी केन्द्र में मेनू के अनुरूप भोजन की श्रीमती तारा यादव ने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चावल, दाल, रोटी, सब्जी, सलाद, पापड़ सहित गर्म भोजन के अलावा गर्भवती माताओं को गुड़ से बना स्वादिष्ट चिक्की एवं 100 मि.ली.दूध भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में सुरूचिपूर्ण अच्छा गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जा रहा है। श्रीमती राधा ध्रुव ने कहा कि वे आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से आती है और पोषणयुक्त आहार उनके एवं उनके बच्चे के लिए हितकारी है। श्रीमती वैदेही यादव अपने नन्हें बच्चे माधवी और देवांशी को साथ लेकर आयी थी। श्रीमती सुषमा यादव भी केन्द्र में अपने बच्चों को लेकर पहुंची थी। उन्होंने इस योजना के प्रति खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं एवं बच्चों के पोषण के विकास की दिशा में कारगर एवं प्रभावी सिद्ध होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की तहेदिल से सराहना की।

उल्लेखनीय है कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी कुपोषित बच्चे एवं 15 वर्ष से 49 वर्ष तक एनीमिया से पीड़ित महिलाएं मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत लाभान्वित हो सके ऐसी पहल की गई है। कुपोषण, मातृमृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं एनिमिया कम हो सके, ताकि बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को सुदृढ़ किया जा सके।

## भूपेश बघेल गरबा और नवरात्रि महोत्सव में हुए शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल रात राजधानी रायपुर में विभिन्न सार्वजनिक समितियों द्वारा शारदीय नवरात्र पर्व पर आयोजित गरबा महोत्सव में शामिल हुए और आयोजकों तथा श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मनोकामना की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने माना में मां काली की पूजा अर्चना के बाद ललित महल में पत्रिका समाचार पत्र द्वारा आयोजित डांडिया उत्सव और अंबुजा माल परिसर में नवभारत समाचार ग्रुप द्वारा आयोजित गरबा डांडिया रास महोत्सव में शामिल होकर आयोजकों और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। बघेल इसके पश्चात राजधानी रायपुर के फाफाडीह, भनपुरी में पाटीदार समाज द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल इस दौरान देवेंद्रनगर में रेसीडेंट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक कुलदीप जुनेजा, विधायक विकास उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।





## कला गुरु वेदमणि सिंह ठाकुर बेदम के माता के छत्तीसगढ़ी भजन की धूम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चक्रधरनगर कला एवं सांस्कृतिक मंच चक्रधरनगर रायगढ़ के तत्वाधान में रामलीला एवं दशहरा महोत्सव के द्वितीय दिवस शनिवार 05/10/2019 रामलीला मंचन के पूर्व रात्रि 8 बजे चक्रधर कला एवं संगीत महाविद्यालय के प्राचार्या श्रीमती चंद्रा देवांगन के निर्देशन में नन्हे - मुन्ने छात्र/छात्राओं द्वारा माता दुर्गा रानी के चरणों में माता की संगीतमय स्तुति, वंदना एवं भजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत की परम्परानुसार सर्वप्रथम माता सरस्वती की वंदना हे मां तुमको है शत बार नमन प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सभी श्रोताओं ने खूब सराहा, तत्पश्चात कला गुरु ठाकुर वेदमणि सिंह बेदम द्वारा रचित एवं संगीत बद्ध किया गया भजन 1. चलो रे चलो रे साथी जायेंगे। माता के द्वारे, 2. दुर्गा मैय्या तेरी जयःजयकार। 3 सुग्घर बाघ के चढोइया - खांडा तिरशूल के धरोइय्या, मै तो तोरे शरन शिर नाऊ तथा अंत में राग भैरवी में भजन शरणों में तेरी मां जो आते हैं छुटकारा कष्टों से पा जाते हैं।

उक्त सभी भजनों में गायन कलाकार के रूप में कु. इच्छ्रा गुप्ता,कु. ख्याति कुमार मिरी, कु. जया दिवान, कु. विभूति शर्मा, कु. सेजल कुजुर, कु. समृद्धि मिश्रा, कु. आर्या राठौर, कु. वादिनी वसंतानी, कु. ख्याति बनज एवं मास्टर दीपक सिंह एवं हारमोनियम पर श्रीमती चंद्रा देवांगन, तबला छबिलाल मालाकार, सीन्थेसाइज़ेर ओम प्रकाश महंत एवं आक्टोपेड़ वासु महंत ने साथ दिए। दशहरा महोत्सव के तृतीय दिवस रविवार दिनांक 06/10/2019 रात्रि 8.30 बजे पुनः चक्रधर कला एवं संगीत महाविद्यालय द्वारा कु. तब्बू परवीन ( उक्त महाविद्यालय के कत्थक गुरु) के निर्देशन में नन्हे - नन्हे बालिकाएं द्वारा कत्थक की शानदार प्रस्तुती की गई, उक्त कार्यक्रम के प्रारंभ में जब नन्ही -नन्ही बालिकाएं (लगभग 5 वर्ष की) जब मंच में अपने कार्यक्रम प्रस्तुति हेतु तैयार खड़े हुए तो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानों साक्षात माँ दुर्गा बाल रूप में मंच में विराजमान है 7 कत्थक की प्रस्तुति में सर्वप्रथम सरस्वती वन्दना, दुर्गा वंदना, तत्पश्चात थाट, आमद, तोड़ा - टुकडा, परण, तांडव एवं कवित्व इत्यादि मोहक ढंग से पेश किया गया, जिसे सभी दर्शकों ने खूब सराहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480